तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

8 सिहावा शीतला शक्तिपीठ में नवरात्रि की तैयारी अंतिम..



10 माँ अंगारमोती मंदिर में नवरात्रि की व्यापक तैयारी



कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



खबर संक्षेप

प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 7 से

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के सभी संकाय के स्नातक (एनईपी) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 7 से 16 अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा तीन पाली में होगी जो क्रमशः 11-12, 1-2, 3-4 बजे संचालित होगी। एनईपी के प्रावधान के अनुसार सभी विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा देना अनिवार्य है।

तरसींवा में राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा 9 को

कोर्रा(भखारा)। ग्राम तरसींवा में बोल बम कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अक्टूबर को किया जा रहा है। एंट्री फीस 300 रूपए है। प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरस्कार 7000, तृतीय पुरस्कार 5000 ,चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपए रखा गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष सरोज यादव एवं परदेसी राम साहू महामंत्री ने दी है।

ई-केवाईसी नहीं कराने पर शासन का एक्शन, सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा

तीस हजार उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गैस कनेक्शन पर ई-केवाईसी की उपेक्षा करने वाले उपभोक्ताओं की मुसीबत शुरू हो गई है। उनके कनेक्शन पर गैस की बुकिंग ही बंद हो गई है। पिछले तीन दिन से कई उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। राहत की बात है कि अभी वे ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इसके बाद उनके कनेक्शन पर सारी सुविधाएं बहाल कर दी जाएंगी।

पिछले दो साल से शासन गैस कनेक्शन पर ई-केवाईसी करवाने के लिए जोर दे रहा है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। अब इन उपभोक्ताओं पर शासन की ओर से कड़ाई बरतना शुरू कर दिया गया है। जिन कनेक्शनधारियों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, 1 अक्टूबर से उनके कनेक्शन पर बुकिंग पूरी तरह से बंद कर दी गई है। यही नहीं इन कनेक्शन पर शासन से मिलने वाली सब्सिडी भी बंद की जाएगी। भविष्य में इन कनेक्शन पर यदि बुकिंग चालू की जाती है तो उन्हें सब्सिडी का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्हें 14.2 किग्रा वाला बड़ा सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। इसकी जगह 5-10 किग्रा का वाला छोटा सिलेंडर दिया जाएगा, वह भी उपलब्धता के आधार पर।



हजारों कनेक्शनधारी संकट में

जिले में करीब 2.5 लाख गैस कनेक्शनधारी हैं। इनमें से अधिकांश ने गैस कनेक्शनों की ई-केवाईसी करवा ली है। करीब 30 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके कनेक्शन पर ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। इसमें कई कनेक्शन तो दूसरे के नाम पर है और उपयोग दूसरा कर रहा है। वहीं अन्य कई प्रकार की समस्या के चलते कई उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं। इनके बीच कई उपभोक्ता ऐसे भी हैं, जो सब कुछ सही होते हुए भी ई-केवाईसी कराने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। बुकिंग नहीं होने से इन सभी उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।

करा सकते हैं ई-केवाईसी

गैस कनेक्शनों पर फर्जीवाड़ा की लगातार शिकायत मिल रही थी। शासन द्वारा गैस सिलेंडरों में सब्सिडी तो दी जा रही थी, पर इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही थी कि सब्सिडी वास्तविक उपभोक्ताओं को मिल रही कि नहीं। इस गड़बड़ी को रोकने के लिए शासन द्वारा पिछले गैस कनेक्शन पर ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू की गई है। ई-केवाईसी का उद्देश्य फर्जी या डुप्लीकेट गैस कनेक्शन की पहचान कर उन्हें समाप्त करना, सही लाभार्थियों की पहचान और उनका रिकार्ड अपडेट करना है। अभी भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया चल रही है। उपभोक्ता ई-केवाईसी करवाकर सुविधाओं को फिर से चालू करवा सकते हैं। श्री बालाजी गैस एजेंसी के संचालक हेतल संघवी ने बताया कि गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी काफी आसान है। उपभोक्ता को स्वयं का आधार कार्ड, गैस कार्ड और एसवी पेपर के साथ स्थानीय वितरक के पास जाना होगा। ई-केवाईसी की प्रक्रिया निः शुल्क है।

अब तक 20 से ज्यादा मामलों में कार्रवाई, रिसगांव क्षेत्र का मामला

पोटाश बम से वन्यजीव का शिकार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पोटाश बम से वन्यजीव का शिकार करने वाले दो आरोपियों को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जंगली सूअर को मारकर उसे कई टुकड़ों में बांट रहे थे। इस मामले में विस्फोटक बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। अब तक टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 20 से अधिक लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग यूनिट ने वन्यजीवों का शिकार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा पर दो लोगों को पोटाश बम से वन्यजीव का शिकार करने के आरोप में पकड़ा गया। दोनों आरोपी नबरंगपुर ओडिशा के रहने वाले हैं। घटना 29 सितंबर की है। रिसगांव परिक्षेत्र के आरएफ कक्ष क्रमांक 254 एवं 255, चिखलापानी क्षेत्र नरसिंह उम्र 50 साल, मानसिंह उम्र 22 साल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों जंगली सूअर का शिकार कर शव को काट रहे थे। उनके साथ दो और लोग थे, जो मौके से फरार हो गए। मौके से 13 जिंदा पोटाश बम, टंगिया, चाकू, हंसिया, कट्टा सहित शिकार में उपयोग होने वाले कई औजार बरामद किए गए हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। विस्फोटक सामग्री बेचने वाले भारत पिता रामजी राठौर को बीएनएस धारा 35(3) के तहत नोटिस भेजा गया है।



जानलेवा है पोटाश बम



पारंपरिक शिकार के तरीके की तुलना में पोटाश बम काफी खतरनाक है। यह वन्यजीवों को हानि पहुंचाते हैं। वन विभाग, पुलिस सहित अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक है। अनजाने में वे भी इससे होने वाले विस्फोट से आहत हो सकते हैं। अब तक पोटाश बम से शिकार के मामले में एंटी पोचिंग टीम ने 20 से ज्यादा लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिकार के मामलों में वन्यजीवों के व्यवहार में परिवर्तन आता है। वे ज्यादा उग्र होकर रिहायशी क्षेत्र की ओर रूख कर सकते हैं।



खबर संक्षेप



बरगद के पत्ते पर उकेरी गांधी की आकृति

नगरी। गांधी जयंती पर ग्राम मोदे निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने बरगद के पत्ते पर महात्मा गांधी की आकृति उकेरकर राष्ट्रपिता के विचारों और संदेशों को अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी इस कलाकृति में महात्मा गांधी को दांडी यात्रा करते हुए तथा पैदल चलते हुए दर्शाया गया है। कलाकृति में गांधी जी के पैरों में चप्पल, शरीर पर धोती और कंधे पर शाल के साथ बगल में चरखे का चित्र उकेरा गया है। साथ ही एक पक्षी के माध्यम से शांति, स्वतंत्रता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया गया है। बरगद के पत्ते पर बारीकी से बनाई गई यह कलाकृति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

गली-मोहल्लों में चला स्वच्छता अभियान

नगरी। ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी माल अंतर्गत गढ़डोंगरी माल, धोलापारा, नयापारा एवं नचकारपारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव की गली-मोहल्लों सहित आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परिसर की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता अभियान सरपंच श्रीमती रजनी नेताम की उपस्थिति में आयोजित हुआ। ग्रामीणों ने जगह-जगह सफाई कर कचरे का निपटारा किया तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। सरपंच ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है।

निधन

श्रीमती सत्तूबाई साहू

डांडेसरा। ग्राम डांडेसरा निवासी श्रीमती सत्तू बाई साहू 60 वर्ष का निधन 2 अक्टूबर को हो गया। वे



अमरसिंग साहू की पत्नी एवं ढालसिंग साहू, दीपक साहू की मां थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के शांति घाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

सिहावा शीतला शक्तिपीठ में नवरात्रि की तैयारी अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर सिहावा स्थित शीतला शक्ति पीठ में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, पूजा सामग्री, प्रसाद वितरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

इसी सिलसिले में मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद

जनपद अध्यक्ष महेश गोटा बैठक में पहुंचे, समिति ने रखी किचन शेड की मांग



सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

पर्व के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 15 अक्टूबर को रामधुनी चारभाटा नरहरपुर, 16 अक्टूबर को पंडवानी कोकड़ी दुर्ग,17 अक्टूबर को जस गीत झांकी रावां धमतरी की प्रस्तुति होगी।

अध्यक्ष महेश गोटा भी पहुंचे।

समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किचन शेड निर्माण की मांग जनपद अध्यक्ष के समक्ष रखी।

समिति अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने नवरात्रि पर्व को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों से जुट जाने का आह्वान किया। समिति द्वारा नवरात्रि के तीसरे दिन से नवमी तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में संरक्षक नेम सिंह बिशेन एवं मंशा गौर, उपाध्यक्ष बलदेव निषाद, रामलाल नेताम, सचिव नारद निषाद, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेश्वर साहू, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर, सांस्कृतिक प्रभारी तुकाराम साहू, सह प्रभारी महेंद्र कौशल, निर्माण समिति प्रभारी सचिन भंसाली, पुजारी ज्ञानसागर पटेल एवं परमेश्वर नेताम, मेहतर गौर, राजकुमार निषाद, दीपक तंवर, संजय सारथी, चरणबती नेताम, देवंतीन श्रीमाली, शशिकला शांडिल्य समेत अन्य मौजूद थे।

युवा मंथन विचार बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकार पर हुई चर्चा

युवा शक्ति समाज के विकास की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ सिहावा क्षेत्र द्वारा युवा मंथन विचार बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के युवक-युवतियों एवं वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकारों एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन यादव तथा विशेष अतिथि गजेंद्र यादव, सर्व यादव समाज के उपाध्यक्ष संतोष यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव, राम यादव,



कृष्ण यादव, सुरेश यादव थे।

विशेष अतिथि गजेंद्र यादव ने कहा कि समाज की एकता को मजबूत करने के लिए हमें सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ बढ़-चढ़कर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अपने अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए युवाओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पवन यादव ने समाज के हित को सर्वोपरि रखते हुए सभी साथियों से एकजुट होकर सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। युवा शक्ति समाज के विकास की आधारशिला है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सिहावा क्षेत्र प्रवीण यादव एवं सचिव श्रवण यादव वासुदेव यादव की सक्रिय भूमिका रही। सोशल मीडिया सीजी गजेंद्र यादव, हरीश यादव नगरी, वासुदेव यादव, टिया यादव, मोहित यादव को सम्मानित किया गया।

युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव ने युवाओं को सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब भी समाज के सामने कोई समस्या आएगी, युवा साथी मिलकर उसके समाधान के लिए सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक युवा आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक समाज के विकास को नई गति नहीं मिल सकती। गोवर्धन यादव, पूजा यादव महेंद्र यादव ने कहा कि आज से हर क्षेत्र में जाकर युवाओं को जगाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन देवचरण यादव व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव ने आभार व्यक्त किया।

शिक्षा से ही दूर होगी गरीबी : साधुराम



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गोंडवाना समाज उपक्षेत्र बरबांधा द्वारा ग्राम कोरमुड़ में नवाखाई ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने बूढ़ा देव एवं जिम्मेदारिन याया की अर्जी कर लया लयोर के साथ मांदर की थाप पर रेला-पाटा प्रस्तुत किया। नया अन्न आने की खुशी में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं पुरुषों ने एक-दूसरे को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया।

- कोरमुड़ में मनाया गया नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष गो सेवा समिति के अध्यक्ष साधुराम नेताम रहे। अध्यक्षता उपक्षेत्र अध्यक्ष धांधू राम नेताम ने की। विशेष अतिथि बिन्दा नेताम, संरक्षक सुशीला नागेश, अध्यक्ष पीला राम कोर्राम, मौसमी मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच द्वय महेश नेताम एवं कमितला ध्रुव, रमशीला मरकाम थे।

इस अवसर पर साधुराम नेताम ने कहा कि गरीबी दूर करने के लिए प्रत्येक बच्चे को उच्च शिक्षा की ओर बढ़ाना आवश्यक है। युवाओं ने आकर्षक एवं शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में माखन ध्रुवा, फूलसिंह सोरी, बृजलाल नेताम, सन्तू मरकाम, खेमराज ध्रुव, डामन कोर्राम, नन्दलाल मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आत्माराम सोरी एवं सचिव जीवन नेताम ने किया।

छात्रा के इलाज के लिए मदद की गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वनांचल क्षेत्र के ग्राम बेलरबाहरा निवासी कुमारी दिनेश्वरी पिता रामेश्वर मांझी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साकरा में कक्षा 11वीं कृषि विषय की छात्रा हैं। शरीर में गंभीर बीमारी के चलते उनका लगातार उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार परिवार अब तक इलाज में करीब ढाई से तीन लाख रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन उनकी तबीयत में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।

- गंभीर बीमारी से जूझ रही कृषि विषय की छात्रा

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे के इलाज का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। छात्रा की बीमारी की जानकारी मिलने पर समाजसेवक डीके यादव ने दिनेश्वरी के पिता एवं परिवार से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को मामले से अवगत कराते हुए छात्रा के बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने की गुहार लगाई गई। इस दौरान डीके यादव, आलम सिंह, रामेश्वर मांझी सहित अन्य लोगों ने परिवार से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। लोगों ने दिनेश्वरी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

अंचल की खबरें

ग्रामीणों ने की नियमपूर्वक सड़क निर्माण की मांग





मगरलोड। पीडब्लूडी विभाग के मार्गदर्शन में ठेकेदार द्वारा ग्राम परसट्टी से भेण्ड्री तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्व में प्रारंभ किया गया है। मार्ग में 1 किमी तक एकतरफा मिट्टी मुरम डालकर सड़क चौड़ीकरण कर किसानों के खेतों को नुकसान पहुंचाया गया है। किसान सनत साहू, गैंदलाल, मुरलीराम, सोनकर नरेश, भुनेश्वर, मोहन साहू, परमानंद साहू सहित दर्जनों किसानों ने विभागीय सब इंजीनियर से मुलाकात कर सड़क का चौड़ीकरण नियमपूर्वक करने की मांग की है। इस विषय पर पीडब्लूडी विभाग के सब इंजीनियर श्री वर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी किसान का नुकसान नहीं होगा। बरसात के बाद सड़क कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

डांडेसरा स्कूल में हुआ पौधारोपण



डांडेसरा(धमतरी)। महात्मा गांधी की जयंती पर शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में मुनगा, केला, अनार, बेर, बेल, चीकू, गेंदा, मोंगरा के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक उर्वशी चन्द्राकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीतू जोशी, शिक्षाविद सुभाष ध्रुव, ग्रामीण विकास समिति के उपाध्यक्ष पंकज जोशी, टिकेश्वर साहू, गिरेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी, रोशन कंवर उपस्थित थे।

बोरझरा आंगनबाड़ी में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



अंवरी। बोरझरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सही पोषण, देश रोशन थीम के तहत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनसुईया रात्रे, गोदावरी साहू, जनपद सदस्य रेखा साहू, निर्मला रात्रे, हवेश्वरी साहू सरपंच, अनीता गजपाल कोषाध्यक्ष साहू समाज महिला प्रकोष्ठ धमतरी, रोशन रात्रे, रामेश्वरी साहू, सरस्वती सिन्हा, शांता साहू उपस्थित रही। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। निर्मला रात्रे ने कहा कि कुपोषण चक्र को तोड़ना बहुत जरूरी है। कुपोषण माता से संतान तक पहुंचती है। गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार लेना आवश्यक है। महतारी वंदना से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए करें। पौष्टिक आहार लें। बच्चों को रेडी टू इट से बने व्यंजन, फल, अंकुरित अनाज वितरित किया गया।

- बच्चों को रेडी टू इट से बने व्यंजन, फल, अंकुरित अनाज वितरित

बच्चों को खिलौने बांटे, कार्यकर्ता सहायिकाओं का किया सम्मान

- भुरसीडोंगरी में सेवा संकल्प आंगन मिलन उत्सव मनाया गया

नगरी। ग्राम भुरसीडोंगरी में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच महेंद्र साहू व विशेष अतिथि सत्यवती नेताम तथा वक्ता उतरा साहू एवं यशोदा मरकाम थीं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के साथ अन्य सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपसरपंच महेंद्र साहू ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खिलौनों का वितरण किया। सुपरवाइजर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं और सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर सेवा एवं सराहनीय कार्य करने वाली कार्यकर्ता-सहायिकाओं को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भागबती सोरी, कार्यकर्ता जैन साहू, सुशीला धामगे, सहायिका तारा साहू, ललित मरकाम सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने मनाई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह का सिद्धांत आज भी समाज को शांति, सद्भाव और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। लालबहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदार नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव देशवासियों के



लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और जनसेवा के मार्ग को आलोकित करते हैं। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व सभापति गोविंद साहू, जिला महामंत्री राजू साहू, बिसौहाराम साहू, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, पार्षद मेघराज साहू, समीर गौर, यतीश सिन्हा, मुकेश साहू, अनिल निर्मलकर, सोमनाथ साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

102 ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी हुए शामिल

वीसी में विकसित ग्राम पंचायत के लिए प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकसित भारत जी-राम-जी अभियान अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार किए जाने को लेकर जिला पंचायत धमतरी के निर्देशानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत स्तर पर प्रस्तावित विकास कार्यों की योजना तैयार करने, प्राप्त दिशा-निर्देशों को समझने तथा कार्यों की स्वीकृति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

सीईओ जयंत नाहटा द्वारा जारी



संशोधित पत्र के अनुसार 1 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों सहित संबंधित अधिकारियों ने प्राप्त निर्देशों पर चर्चा की। इसके बाद जनपद पंचायतवार अलग-अलग चर्चा कर ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के आधार पर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। जनपद पंचायत नगरी में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य, पदाधिकारी तथा नगरी विकासखंड की 102 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव, जनपद पंचायत सीईओ एनके मांझी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की प्रक्रिया को दिशा देना तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को प्राथमिकता देना रहा।

Pride of Dhamtari


ESTD. - 1910
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992

उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में
न्यूरो सर्जन
प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
एनआईसीयू
आईसीयू
पीडियाट्रिक वार्ड
टीकाकरण
ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक

'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)

अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

चंडी मंदिर में ज्योति पंजीयन शुरू

मगरलोड। ग्राम रांकाडीह मधुबन में चंडी मंदिर स्थापित है। इस वर्ष भी नवरात्रि में माता के दरबार में ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। ज्योति पंजीयन शुरू हो गया है।

जहर सेवन से युवक की मौत

धमतरी। अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम महुआबाहरा निवासी पुरूषोत्तम यादव पिता रतनराम उम्र 42 वर्ष शराब सेवन करने का आदी था। युवक शराब पीने के बाद अक्सर घर में लड़ाई-झगड़ा करता था। शुक्रवार की सुबह युवक नशे की हालत में घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी कर रहा था। जहरीली दुर्गंध आने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई है। युवक को तत्काल उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रिफर करने पर एम्बुलेंस से युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवक की शुक्रवार की दोपहर मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

घरों में घुसा बारिश का सैलाब अब मुआवजे की उम्मीद

जगदलपुर। शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लगातार बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव ने रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। कॉलोनी की सड़कों पर कमर तक पानी भर जाने से लोगों को कई दिनों तक इसी पानी के बीच से होकर आवाजाही करनी पड़ी। वहीं बारिश का पानी कई घरों में घुसने से घरेलू सामान सहित अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा।

बारिश में जलभराव, गंदे पानी और बदबू से लोग परेशान, सुरक्षा घेरा लगाने की मांग

स्कूल-आंगनबाड़ी के पास खुले नाले से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के कई हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था की स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। खुले नाले, बिना सुरक्षा घेरा वाले पुल और सड़क किनारे खुली नालियां हादसों का खतरा बढ़ा रही हैं। खासकर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास ऐसी स्थिति बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है। सोरिद, रामपुर, जालमपुर, बठेना और मकेश्वर वार्ड में जल निकासी व सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं सामने आई हैं।

सिहावा चौक से मकेश्वर वार्ड जाने वाले मार्ग पर शासकीय प्राथमिक स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के पास नाला खुला है। यहां सुरक्षा के लिए रेलिंग या जाली नहीं लगी है। स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक 43 बच्चे अध्ययनरत हैं, जबकि पास के आंगनबाड़ी केंद्र में भी छोटे बच्चे आते हैं। वार्डवासियों के अनुसार नाले की समस्या को लेकर बीईओ कार्यालय को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं। बारिश के समय स्कूल परिसर में पानी घुसने के साथ सांप-बिच्छू और अन्य कीड़ों का खतरा भी बना रहता है। वार्डवासी प्रेमू सिन्हा और सोहन ढीमर ने बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुरक्षा घेरा लगाने की मांग की है।



गंदे पानी और जाम नालियों से भी परेशानी

रामपुर के डबरीपारा में नाला आसपास की नालियों का पानी समेटता है और इसमें लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहता है। पार्षद प्रकाश सिन्हा ने बताया कि बारिश में नाले का पानी घरों में घुसने की स्थिति बनती है और स्थायी समाधान की जरूरत है। बठेना में भी कई जगह खुली और जाम नालियों के कारण गंदा पानी जमा होने तथा बदबू की शिकायत है। सोरिद वार्ड क्रमांक 35 में नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भुवनलाल ने कलेक्टर से तकनीकी जांच की मांग की है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल, आंगनबाड़ी और अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास खुले नालों को चिह्नित किया जा रहा है। जरूरत के अनुसार नालों को ढंकने या उनकी ऊंचाई बढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी।

पुलों पर सुरक्षा इंतजाम की जरूरत

सोरिद वार्ड में बागतराई मार्ग स्थित नाले पर बने पुल के दोनों ओर सुरक्षा घेरा नहीं है। इस मार्ग से स्कूली बच्चों के साथ रोजाना बड़ी संख्या में राहगीर और वाहन गुजरते हैं। काली मंदिर और सांई मंदिर क्षेत्र में भी कई जगह नालियां खुली हैं। वार्ड निवासी वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि नाला भरने पर बारिश का पानी वार्ड में पहुंच जाता है। नाले के किनारे सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से जलस्तर बढ़ने पर खतरा बढ़ जाता है। मकेश्वर में नाले पर बने पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त है, जहां फिलहाल स्टापर लगाकर आवागमन को नियंत्रित किया गया है।

3.10 लाख के लेनदेन ने बढ़ाया विवाद, महिला ने अब पूर्व नपं अध्यक्ष के खिलाफ की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर की ललित चंद्राकर के खिलाफ शिकायत के बाद अब इसी विवाद में नया मोड़ आया है। संजय नगर निवासी मीना चंद्राकर ने एसडीओपी कुरुद को आवेदन देकर तपन पर दुकान दिलाने के नाम पर 3 लाख 10 हजार रुपए लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने 1 लाख 10 हजार रुपए वापस मिलने और 2 लाख रुपए अब भी बकाया होने का दावा किया है।

मीना के अनुसार 12 जून 2024 को नया बाजार स्थित नगर पंचायत कॉम्प्लेक्स में दुकान दिलाने की बात कही गई थी। भरोसे में उन्होंने पति की एफडीआर तुड़वाकर राशि की व्यवस्था की और भाई ललित चंद्राकर की मौजूदगी में तपन को रकम दी। शिकायत में दस्तावेज और फोटो लिए जाने का भी उल्लेख है। आवेदन के मुताबिक दुकान नहीं मिलने पर राशि वापस करने की मांग की गई। मीना का दावा है कि जनवरी और मार्च 2026 में अलग-अलग किस्तों में 1.10 लाख रुपए लौटाए गए। शेष राशि को लेकर ललित और तपन के बीच बातचीत के बाद विवाद हुआ। उन्होंने तपन की ओर से ललित के खिलाफ दी गई शिकायत को गलत बताते हुए दोनों पक्षों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी।

मोखा में रामधुनी महोत्सव 8 से

कोर्रा(भखारा)। ग्राम मोखा में रामधुनी महोत्सव का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष होंगी। अध्यक्षता देहुति साहू स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समाज कल्याण सभापति करेंगी। विशिष्ट अतिथि दमयंती साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य होंगी। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता ओंकार साहू विधायक धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि गुरूमुख सिंह होरा प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस, तारिणी चंद्राकर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत, आशीष वर्मा, तुलसी रजक, विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ समिति, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अशोक चंद प्रदेश अध्यक्ष महार समाज, नीलमणि साहू जोन कांग्रेस अध्यक्ष, रंजीत साहू सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस, मुकेश यादव उ सरपंच कुर्रा होंगे। मंच संचालन ध्रुव कुमार साहू, संजय सोरी एवं चनेश्वर यादव करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

ग्राम सिवनीकला में मातृशक्ति का सम्मान, बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरी

ग्राम सिवनीकला में आंगन मिलन सेवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि टकेश्वर चंद्राकर व अन्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य टेकराम साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष डॉ. कपिलदेव पटेल, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, पंच कृष्णा तारक, निर्मल पाल, लालजी, आयुर्वेदिक चिकित्सक रीतु रात्रे, पंच राधिका पटेल, पंच सरस साहू, बबीता साहू थे।

- सेवा संकल्प चौपाल के तहत हुआ आयोजन





महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रद्धा गौतम ने माताओं से बच्चों को फास्ट फूड एवं जंक फूड से दूर रखने तथा पौष्टिक भारतीय आहार को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जन्म और ऊपरी आहार तक उचित पोषण के महत्व पर जानकारी दी। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि देश में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में 17 सितंबर से 6 अक्टूबर तक सेवा का संकल्प चौपाल आयोजित किया जा रहा है। टेकराम साहू ने महतारी वंदन योजना की जानकारी देते हुए गर्भवती माताओं एवं महिलाओं से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ लइका एवं व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से चारों आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों एवं माताओं के लिए न्योता भोज कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों को कूड़ादान भेंट किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं महिला समूह की सदस्यों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

स्काउट गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

- गांधी जयंती पर भोथली स्कूल में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महात्मा गांधी की जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य एलके उपाध्याय एवं स्काउट मास्टर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर स्काउट-गाइड विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा जतन फाउंडेशन गर्ल्स विंग की हुननी, पूजा, दुर्गेश एवं काजल, जतन फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अर्जुन सिंह एवं बोर्ड मेंबर ओमेश साहू के सहयोग से विद्यालय परिसर तथा मंडी परिसर में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया।

विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ, रंगोली, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता तथा स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनतीन धनुषधारी रहीं।

इस दौरान विद्यार्थियों एवं सभी सदस्यों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। रंगोली प्रतियोगिता में गुलशन कुमार ढीमर प्रथम तथा किरण साहू द्वितीय, पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की टोमिन प्रथम तथा दिव्या रही।

नारा लेखन में एकांक्षी प्रथम, द्रौपदी, कक्षा 11वीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति नेतृत्व एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक कक्षा से स्वच्छता दूत भी चयनित किए गए। कक्षा 9वीं से डेविन एवं तुलसीराम, कक्षा 10वीं से वीणा एवं गुलशन, कक्षा 11वीं से द्रौपदी एवं सूर्यकांत तथा कक्षा 12वीं से दानेश्वर एवं नेहा को स्वच्छता दूत चुना गया।

विद्यालय के व्याख्यातागण राकेश कुमार साहू, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, दीप्ति शुक्ला एवं खेल शिक्षक गोपेश कुमार साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की आदत और सामाजिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, डॉ. मंजूषा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, गोविंद सिन्हा, विनोद ध्रुव, डोमन ध्रुव एवं उमाकांत का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन गणेश प्रसाद साहू तथा आभार प्रदर्शन महेंद्र कुमार साहू ने किया।



गरीबों की सेवा ही सच्ची मानवता : विज्ञान देव



धमतरी। नगर पंचायत आमदी के सांस्कृतिक भवन में विहंगम योग संत समाज का 103वां वार्षिक उत्सव समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बनारस से पधारे महाराज विज्ञान देव की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने कथा वाचन का श्रवण किया।

कार्यक्रम में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, ओंकार साहू विधायक धमतरी, श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, हेमलाल चक्रधारी प्रांत अध्यक्ष विहंगम योग, दयाराम साहू, उमेश साहू, मनोज साहू, हेमंत माला, नारायण साहू एवं महेंद्र साहू सहित नगर पंचायत आमदी के भक्तजन सम्मिलित हुए।

महाराज विज्ञान देव ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। गरीब वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास ही सच्ची मानवता है। विपत्ति के समय एक-दूसरे का साथ देना और मिल-जुलकर रहना सच्ची भक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कितना भी धन अर्जित कर ले, यदि वह दान, परोपकार एवं सेवा कार्य नहीं करता तो उसके मन में पश्चाताप की भावना रहती है। इच्छा अनुसार गरीबों एवं संस्थानों में दान कर जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।



अंचल की खबरें

साप्ताहिक बाजार स्थल में आईटीआई छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



अंवरी। नगर पंचायत भखारा-भठेली के साप्ताहिक बाजार स्थल में आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। आईटीआई प्रभारी प्राचार्य होमेंद्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए बाजार स्थल की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने आईटीआई के छात्र-छात्राओं एवं संस्थान प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए उनका अनुमोदन किया। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जब युवा स्वयं आगे आकर सामाजिक कार्यों में योगदान देते हैं, तो इससे समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है।

झुरातराई को मिला टैंकर, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

नगरी। बढ़ती पेयजल की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत झुरातराई को सभापति जनपद पंचायत नगरी शुभम नवीन यदु ने 16वें वित्त मद की राशि से ट्रैक्टर चलित पानी टैंकर की सौगात दी है। शुक्रवार को पंचायत भवन परिसर में टैंकर का पूजन कर ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। झुरातराई पांच गांवों की एक पंचायत है जहां निरंतर पेयजल की समस्या बनी रहती है। सरपंच टोमन मरकाम, सचिव भूपेन्द्र साहू, पंचगण व ग्रामवासियों ने टैंकर प्रदान करने के लिए सभापति का आभार माना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव भी मौजूद थे।

डोंगरडुला में 10 लाख से बनेगा सीसी रोड

नगरी। ग्राम पंचायत डोंगरडुला में दुर्गा मंदिर के समीप सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग की राशि 10 लाख की लागत से कराया जाएगा। सड़क निर्माण होने से मंदिर परिसर सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच स्मृति नेताम, उपसरपंच सुरेंद्र साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष जीवन बघेल एवं पूर्व सरपंच राजू कावड़े उपस्थित थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण बताते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गा मंदिर क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सड़क बनने से मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

साहू समाज ने किया सोनीबाई का सम्मान

नगरी। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर साहू समाज द्वारा समाज की वरिष्ठ सदस्य सोनी बाई हिरवानी का सम्मान किया गया। 105 वर्ष की आयु में भी



उनका जीवन अनुभव और समाज के प्रति योगदान सभी के लिए प्रेरणादायी है। साहू समाज के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि श्रीमती सोनी बाई हिरवानी का 105 वर्ष की आयु तक स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन साहू समाज के साथ-साथ पूरे नगरी अंचल के लिए गौरव की बात है। वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव और संस्कार नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हैं। मौके पर ईश्वर साहू, ज्वालाप्रसाद साहू, दिनेश साहू, वरुण किरण, नोहर साहू, गौतमचंद साहू, हरीश सार्वा, विनय साहू, महेंद्र साहू, भरत साहू, मेघनाथ साहू सहित समाजजन उपस्थित थे।

अध्यक्ष ने दी साइकिल-मोटरसाइकिल स्टैंड की सौगात

नगरी। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज नगरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पेंशनरों की मांग पर छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज भवन के सामने साइकिल एवं मोटरसाइकिल खड़ी करने के लिए टिन शेड स्टैंड निर्माण की सौगात दी। यह कार्य नगर पंचायत अध्यक्ष निधि 3 लाख रुपए की लागत से कराया गया। श्री छाबड़ा की पहल पर लोकार्पण पेंशनर समाज के वरिष्ठ सदस्य रामप्रसाद तिवारी ने किया। इस अवसर पर रामप्रसाद तिवारी ने कहा कि वरिष्ठ पेंशनर के हाथों लोकार्पण कराना वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, चेलेश्वरी साहू, पार्षद मिकी गुप्ता, जयंती, टुकेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, यशकरण पटेल का आभार व्यक्त किया गया। मौके पर आरएल देव, अंगदलाल बनपेला, लक्ष्मण गजपाल, शारदाप्रसाद ग्वाले, अलका गजपाल, शकुन कश्यप, हिममणि सोम, कीर्तिलता साहू, सुशील सोनी, जगदीशप्रसाद सोनी आदि पेंशनर उपस्थित थे।

पोस्टर प्रतियोगिता में तृप्ति व स्लोगन में याचना प्रथम



धमतरी। गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस अवसर पर स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। स्काउट दल के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, मैदान एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। विद्यार्थियों के लिए कक्षा सजावट प्रतियोगिता भी रखी गई। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। स्वच्छता पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश और नारे लिखे, जिन्हें विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। स्काउट विद्यार्थियों ने स्वच्छता दूत के रूप में विभिन्न कक्षाओं में जाकर स्वच्छता के महत्व के संबंध में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ समाज का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में तृप्ति प्रथम, तेजेस्वनी द्वितीय तथा ओमेश्वरी एवं अमन तृतीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में याचना ने प्रथम, युवराज ने द्वितीय तथा वेदांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सजावट प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर संस्था प्रमुख अभय राम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी, भेमूराम साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- बाजार कुर्रीडीह स्कूल में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर संक्षेप

करेली बड़ी में राम सप्ताह प्रतियोगिता 7 से

मगरलोड। नगर पंचायत करेली बड़ीमें राम सप्ताह प्रतियोगिता 7 से 10 अक्टूबर तक होगी। 7 अक्टूबर को शाम 4 बजे सिरकट्टी आश्रम कुटेना के गोवर्धनशरण व्यास द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण 10 अक्टूबर की रात्रि 10 बजे होगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष आशाराम निषाद, उपाध्यक्ष पुनीतराम साहू, सचिव बंशीलाल यादव, कोषाध्यक्ष मोहित साहू, संरक्षक नरेन्द्र साहू व राजू साहू, सलाहकार गैंदलाल व मेसराम साहू, संचालक तीरथराम साहू जुटे हुए हैं।

मातृ नवमी पर दिवंगत महिला पूर्वजों का होगा श्राद्ध

धमतरी। पितृ पक्ष अंतर्गत रविवार को मातृ नवमी का श्राद्ध मनाया जाएगा। यह तिथि दिवंगत माताओं, दादियों, नानियों, सास तथा अन्य महिला पूर्वजों के स्मरण और श्राद्ध कर्म के लिए विशेष मानी जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु तर्पण, पिंडदान और पूजन कर पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।
धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जिन महिलाओं की मृत्यु पति के जीवित रहते हुई हो, उनका श्राद्ध मातृ नवमी पर किया जाता है। अज्ञात तिथि वाली महिला पूर्वजों के लिए भी इस दिन श्राद्ध करने की परंपरा है। वहीं कुंवारी कन्याओं का श्राद्ध पितृ पक्ष की पंचमी तिथि को किए जाने का विधान बताया गया है। नवमी तिथि 4 अक्टूबर की सुबह 5.51 बजे से शुरू होकर 5 अक्टूबर सुबह 3.53 बजे तक रहेगी। श्राद्ध में तर्पण व पिंडदान के बाद पंचबलि भोग की परंपरा है। इसमें भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कुत्ते, कौवे और चींटियों के लिए निकाला जाता है।

जिला अस्पताल भवन के लिए 38 करोड़ की मांग गुरु घासीदास के नाम पर नामकरण का आग्रह

धमतरी। जिला अस्पताल के नए भवन के लिए 38 करोड़ रुपए की मांग और अस्पताल का नाम गुरु घासीदास के नाम पर किए जाने की मांग को लेकर महापौर रामू रोहरा द्वारा प्रदेश सरकार से आग्रह किए जाने पर पार्षद अज्जू देशलहरे ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे सतनामी समाज के लिए सम्मान और गौरव का विषय बताया। श्री देशलहरे ने कहा कि महापौर रामू रोहरा ने धमतरी के 220 बिस्तर जिला अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए की स्वीकृति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी से की है। साथ ही जिला अस्पताल का नाम गुरु घासीदास के नाम पर करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने समाज को मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समानता और सामाजिक समरसता की राह दिखाई। उनके नाम पर जिला अस्पताल का नामकरण समाज के लिए गौरव की बात होगी।



- महापौर रामू रोहरा के प्रयास पर पार्षद देशलहरे ने जताया आभार

80 से अधिक युवक-युवतियां संभालेंगे सेवा की जिम्मेदारी

मां अंगारमोती मंदिर में नवरात्रि की व्यापक तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारू व्यवस्था के लिए इस बार आदिवासी समाज के युवाओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवरात्रि के दौरान 80 से अधिक युवक-युवतियां सेवा कार्य में जुटेंगे। युवाओं की ड्यूटी ज्योत स्थान, माता परिसर और बैरिकेड्स व्यवस्था सहित विभिन्न स्थानों पर लगाई जाएगी। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेड्स लगाए जाएंगे। गोंड समाज के मुड़ा परिक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भी सेवा की जिम्मेदारी दी गई है। नवरात्रि के प्रत्येक दिन अलग-अलग मुड़ा परिक्षेत्र से सामाजिक जन मंदिर परिसर में पहुंचकर सेवा देंगे।

मां अंगारमोती मंदिर परिसर को आकर्षक लाइट से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परिसर में पेयजल की व्यवस्था की जाएगी तथा शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। नवजात बच्चों को स्तनपान कराने वाली माताओं तथा गर्भवती महिलाओं के लिए अलग व्यवस्थाकी गई है।

नवरात्रि में जंवारा झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके लिए अलग स्थान निर्धारित किया गया है, जहां टोकरी में जंवारा की बुआई की जाएगी। युवाओं की देखरेख में प्रतिदिन जंवारा की पूजा-अर्चना की जाएगी और नवमी के दिन जंवारा विसर्जन किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम पुजारियों एवं पंडा द्वारा माता की आरती की जाएगी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि नवरात्रि आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थित दर्शन को प्राथमिकता दी जा रही है। इस आयोजन में युवाओं के साथ-साथ गोंड समाज के मुड़ा परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

बैठक में माधवसिंह ठाकुर, डॉ एआर ठाकुर, शिवचरण नेताम, पुजारी ईश्वर नेताम, तुकाराम मरकाम, ढालू ध्रुव, उदय नेताम, देवानंद नेताम, गणेश्वर ध्रुव, शशि ध्रुव, नन्दा सलाम, गीता नेताम, अनीता ध्रुव, बुधन्तिन नेताम, चंद्रकिरण नेताम, भूमिका कोर्राम, ओंकार नेताम,ज यपाल सिंह ठाकुर, कृष्णा नेताम, राधेश्याम नेताम, नारायण ध्रुव, मानसिंह मरकाम, अर्जुन कोर्राम ,नरोत्तम ठाकुर ,भगत उईके, मनराखन ध्रुव, बंसत नेताम, शत्रुघन नेताम, वेदप्रकाश ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, हेमन्त ध्रुव, बंटी मरकाम, दिग्विजय ध्रुव, युवराज मरकाम, नन्दकिशोर नेताम सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

मिलेनियम स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मिलेनियम स्कूल द्वारा जूनियर केजी एवं सीनियर केजी के विद्यार्थियों के लिए सुमीत बाजार का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक जीवन से जोड़ना तथा बाजार के वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं की पहचान, उनके उपयोग, पैकेजिंग, मूल्य तथा खरीदारी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बाजार की व्यवस्था, अलग-अलग उत्पादों और दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को उत्सुकता से देखा। इस गतिविधि से बच्चों में अवलोकन क्षमता, जिज्ञासा, आत्मविश्वास एवं सामाजिक व्यवहार का विकास हुआ। बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिया और कई नई बातें सीखीं। यह अनुभव उनके लिए ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं यादगार रहा। विद्यार्थियों के साथ मिलेनियम शिक्षक स्टाफ भी उपस्थित रहा।

कुरूद संभाग में बिजली कनेक्शन की सघन जांच, 12 मामलों में चोरी पकड़ी

- स्मार्ट मीटर से 48 कनेक्शन काटे, जांच से पहले 18 उपभोक्ताओं ने जमा किया बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



विद्युत विभाग ने 3 अक्टूबर को कुरूद संभाग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विद्युत कनेक्शन की सघन जांच की। मुख्य अभियंता रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के निर्देश और कार्यपालन अभियंता कुरूद अमित कुमार के नेतृत्व में सतर्कता रायपुर, कुरूद व धमतरी संभाग तथा एसटीएम उपसंभाग धमतरी की 8 टीम ने कार्रवाई की।

बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन विद्युत विच्छेदन किया गया। कुल 48 कनेक्शन का विच्छेदन किया गया था। जांच से पहले ही 18 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा कर दी। इसके बाद 30 परिसरों की जांच में 3 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही भुगतान किया। जांच के दौरान 2 उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पाए गए।

वहीं करीब 50 अन्य कनेक्शनों की जांच में 10 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी करना सामने आया। विभाग के अनुसार चोरी के इन मामलों में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने और अवैध रूप से बिजली का उपयोग नहीं करने की अपील की है।

मानसून की विदाई का दौर शुरू

- विदाई रेखा मध्य छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई का दौर शुरु हो गया है। प्रदेश के सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर संभाग के कुछ हिस्से से मानसून वापस लौट चुका है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून वापसी की सीमा रायपुर से होकर गुजर रही है।

सरगुजा, बिलासपुर और रायपुर संभाग के कई जिलों में बारिश की गतिविधियां पूरी तरह से थम चुकी हैं। इन इलाको में हवाएं शुष्क हो गई हैं, जिससे दिन का तापमान कुछ बढ़ा है और रात में हल्की ठण्ड का अहसास होने लगा है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी हिस्सों में मानसून अभी पूरी तरह से विदा नहीं हुआ है। हालांकि कुछ दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ से इसकी क्रमिक वापसी की परिस्थितियां बन रही हैं।



मानसून की वापसी रेखा रायपुर पहुंची

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी रेखा सुपौल, रांची, रायपुर, ब्रम्हपुरी, परभणी, बारमती, हरनाई से होकर गुजर रही है। अगले दो तीन दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों से मानसून की वापसी के लिए मौसम के अनुकूल होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने तथा एक दो स्थानों में हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 34 डिग्री और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

ग्राम नवागांव में 2027 तक हर परिवार को पक्के मकान और क्लीन विलेज का संकल्प

- जनपद पंचायत कुरुद की 85 पंचायतों में हुई विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



गांधी जयंती पर कुरुद जनपद पंचायत की 85 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम नवागांव (उ) में सरपंच टिकेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित सभा में ग्रामीणों ने गांव के कायाकल्प को लेकर ऐतिहासिक फैसले लिए। सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्ष 2027 तक गांव में एक भी कच्चा मकान नहीं रहेगा और नवागांव को पूरी तरह क्लीन विलेज बनाया जाएगा।

बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) और विकसित ग्राम पंचायत योजना (वीजीपीपी) के तहत आगामी विकास कार्यों का खाका खींचा गया। ग्रामीणों ने सड़क, नाली निर्माण, जल संरक्षण, स्वच्छता, उन्नत कृषि और आजीविका संवर्धन से जुड़े जरूरी कार्यों को प्राथमिकता सूची में शामिल करने के सुझाव दिए। सभा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

आदर्श गांव बनाने का लिया संकल्प

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, जन-धन और स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक लाभ सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके अलावा जल बजट निर्माण, टीबी मुक्त पंचायत, बाल विवाह रोकथाम, मुक्तिधाम उन्नयन और आवारा मवेशियों के प्रबंधन पर ठोस रणनीति बनी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर नवागांव को आत्मनिर्भर, सुंदर और सुविधायुक्त आदर्श गांव बनाने का संकल्प दोहराया।

हफ्ते भर बाद भी टूटी पाइपलाइन की रिपेयरिंग नहीं

- सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला, टिकरापारा वार्ड में पानी की किल्लत
- निगम प्रशासन की सुस्त कार्यशैली पर पार्षद सुमन ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम की लापरवाही और सुस्त कार्यशैली एक बार फिर उजागर हुई है। डाक बंगला वार्ड पार्षद सुमन मेश्राम ने बताया कि सोरिद बागतराई मार्ग पुलिया में बच्चे के फंसने के बाद सोरिद की पानी टंकी से जाने वाली पाइपलाइन को तोड़ा गया था। आज हफ्ते भर बीत जाने के बाद भी टूटी पाइपलाइन को जोड़ा नहीं जा सका है जिसके कारण सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला, टिकरापारा वार्ड में पानी की किल्लत बनी हुई है। वार्डवासियों को एक हफ्ते से पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

गंभीर बात यह है कि टूटी हुई पाइपलाइन से गंदा और दूषित पानी सीधे वार्डों में जा रहा है, जिसके कारण डायरिया, पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ गई है। लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। पार्षद ने निगम की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए त्वरित पाइपलाइन को जोड़ने की मांग की है। पार्षद ने चेतावनी दी कि अगर जल्द पाइपलाइन नहीं जुड़ी तो वार्डवासियों के साथ निगम के जल विभाग का घेराव किया जाएगा।







